भरतपुर के सेवर में कच्ची दीवार और छज्जा गिरने से महिला की मौत, पांच घायल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरबीएम अस्पताल पहुंचे और भर्ती घायलों का हालचाल जाना

- प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक निजी दीवार थी, जो अचानक गिर गई, राहगीरों से मिली प्रारंभिक सूचना में दीवार के हिलने की बात सामने आई है, यह भी बताया जा रहा है कि किसी जानवर या बंदर से दीवार हिली हो सकती है
- सूचना पर पुलिस, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र के सेवर कस्बे में सोमवार को कच्ची दीवार और छज्जा गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मलबे की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसा सेवर कस्बे के सिकलीगर मोहल्ले में हुआ।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक निजी कच्ची दीवार के ऊपर बना छज्जा अचानक गिर गया। दीवार गिरने के बाद मलबा दूसरे मकान की छत पर जा गिरा, जिसकी चपेट में कई लोग आ गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस, सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए भरतपुर के आरबीएम अस्पताल लाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं घायल पांच लोगों का इलाज जारी है। प्रशासन के अनुसार फिलहाल सभी घायल स्थिर बताए जा रहे हैं और चिकित्सकों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है।

घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरबीएम अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों और अधिकारियों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा सभी घायलों को बेहतर और तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए और जरूरत के अनुसार उन्हें हर संभव मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

एडीएम सिटी राहुल सैनी ने बताया कि सेवर कस्बे के सिकलीगर मोहल्ले में एक कच्ची दीवार और छज्जा गिरने से हादसा हुआ। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है, जबकि पांच लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने बताया कि सभी घायल फिलहाल स्टेबल हैं और डॉक्टरों की पूरी टीम उनके इलाज में लगी हुई है। कलेक्टर, एसपी, डीसी और मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। अधिकारियों ने चिकित्सकों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को हर संभव उपचार और सहायता उपलब्ध कराई जाए।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक निजी दीवार थी, जो अचानक गिर गई। राहगीरों से मिली प्रारंभिक सूचना में दीवार के हिलने की बात सामने आई है। यह भी बताया जा रहा है कि किसी जानवर या बंदर के कारण दीवार हिली हो सकती है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारण की अभी पुष्टि नहीं हुई है। कलेक्टर ने बताया कि दीवार दूसरे मकान की छत पर गिरने की प्रारंभिक जानकारी है। हादसे में एक महिला की मौत हुई है और पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से पूरे मामले की जानकारी को मौके पर दोबारा सत्यापित किया जा रहा है।

हादसे के बाद एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। प्रशासन के अनुसार सभी लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है। इसके बावजूद किसी अन्य व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका को पूरी तरह खत्म करने के लिए मौके की दोबारा जांच कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें पूरे घटनास्थल को रीचेक कर रही हैं और अंतिम पुष्टि के बाद ही राहत-बचाव अभियान को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। फिलहाल आरबीएम अस्पताल में भर्ती घायलों की स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। अधिकारियों ने चिकित्सकों को घायलों के स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग करने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

चित्तौड़गढ़ जिले के वागन बांध पर चार इंच बरसात हुई

- प्रतापगढ़ के गादोला में एक इंच और बड़ीसादड़ी में दो इंच बारिश दर्ज
- बारिश के बावजूद उदयपुर शहर में अभी भी तेज बारिश का इंतजार है

उदयपुर, (कासं)। मानसून की गतिविधियों के बीच पिछले 24 घंटों में उदयपुर जिले के कानोड़ और उदयसागर क्षेत्र में भी बारिश हुई,लेकिन उदयपुर शहर में अभी तक तेज बारिश का इंतजार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राजस्थान में सबसे अधिक चार इंच बारिश चित्तौड़गढ़ जिले के वागन बांध पर दर्ज की गई। वहीं प्रतापगढ़ के गादोला में एक इंच और बड़ीसादड़ी में दो इंच बारिश हुई। वहीं उदयपुर जिले में कानोड़ में 21 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो करीब एक इंच के बराबर है। वहीं उदयसागर क्षेत्र में 13 मिलीमीटर, यानी करीब आधा इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के बावजूद उदयपुर शहर में अभी भी तेज बारिश का इंतजार है। शहर और आसपास के इलाकों में लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद बनी हुई है।

मौसम विभाग के आगामी पूर्वानुमान के बीच अब निगाहें उदयपुर शहर और जिले में होने वाली अगली बारिश पर टिकी हैं। मानसून के विदा होने का समय आ गया है और अभी तक उदयपुर संभाग सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में तेज बारिश नहीं होने से आमजन के साथ ही किसानों की चिंता बढ़ गई है।

युवक ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार विज्ञान नगर क्षेत्र में 37 वर्षीय युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया, जिसे नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विज्ञान नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि विज्ञान नगर निवासी कैलाशचंद (ने घर में फांसी लगाकर सुसाईड कर लिया।

कोटा में होमगार्ड की संदिग्ध अवस्था में मौत

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में एक युवक की तबियत बिगड़ने से संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया

जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान घर पर खाना खाकर सो गया। उठने के बाद अचानक से तबियत बिगड़ी, जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। बोरखेड़ा थानाधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि बोरखेड़ा निवासी होमगार्ड अमित कुमार (42) की जन्माष्टमी पर ड्यूटी लगी थी, जिसे बाद वह घर पर था। घर में अचानक से तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

युवती की बरामदगी को लेकर थाने का घेराव कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज

बताया जा रहा है कि गुमशुदा लड़की की मां और पिताजी लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल हुए हैं, ग्रामीणों को भी चोटें आई हैं

- पुलिस द्वारा लाठीचार्ज में महिलाओं के साथ कथित मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है
- लाठीचार्ज की सूचना पर पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया पहुंची

सादुलपुर, (निसं)। कानावासी गांव की युवती की गुमशुदगी पर युवती को सकुशल बरामद करने की मांग को लेकर धरने पर पांचवें दिन सोमवार को पुलिस थाना हमीरवास का घेराव कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने बर्बर कार्रवाई करते हुए लाठीचार्ज कर दिया।

लाठीचार्ज की सूचना पर पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया मौके पर पहुंची। पूनिया ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीक़े से प्रदर्शन कर रहे परिजनों और ग्रामीणों पर लाठीचार्ज करना भाजपा सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा किसानों पर लाठीचार्ज को कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सरकार और उसके अन्याय के ख़िलाफ़ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

पूर्व विधायक डॉक्टर कृष्णा पूनिया ने दूरभाष पर चूरू पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रशाद से वार्ता कर ग्रामीणों पर हुए लाठीचार्ज की घटना से अवगत कराया। पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ख़ुद पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठ गई और कहा कि भाजपा सरकार की इस तानाशाही का ख़ामियाज़ा सरकार को भुगतना पड़ेगा। पूनिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन लाठी के दम किसानों को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि में हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी हूँ। पुलिस द्वारा जनप्रतिनिधि के साथ अभद्रता करना निंदनीय है।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया ने बताया कि ग्रामीण नारेबाजी करते हुए पुलिस थाने के मुख्य द्वार की तरफ़ बढ़ रहे थे, तभी अचानक पुलिस प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज कर दिया गया। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज में महिलाओं के साथ कथित मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि गुमशुदा लड़की की मां और पिताजी लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल हुए हैं। लाठीचार्ज में ग्रामीणों को चोटें आई है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने बातचीत की बजाए लाठीचार्ज से धरने प्रदर्शन को दबाने का का प्रयास किया है। लाठीचार्ज में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पूनिया, राशिद ख़ान, अजीत पूनिया, सोनू, नवीन काजला, रामकिशन काजला, अनिता देवी, रामकिशन सहारन, मनीष काजला, मिश्रो देवी, संतोष देवी लाठीचार्ज में घायल हो गए।

'वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन के साथ नागरिकों की भागीदारी जरूरी'

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह को एन.जी.टी. अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने संबोधित किया

- 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ पहले, इंदौर दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा
- न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने वायु गुणवत्ता में सुधार और 10 तथा 2.5 के स्तर को निर्धारित मानकों के भीतर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए सम्मानित शहरों और वार्डों को बधाई दी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छ हवा केवल पर्यावरणीय आकांक्षा नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक लक्ष्य है। इसे समर्पित प्रयासों, बेहतर योजना और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए हासिल किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन के साथ नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है। वे सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित पर्यावरण भवन में आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह को संबोधित करते हुये न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने वायु गुणवत्ता में सुधार और 10 तथा 2.5 के स्तर को निर्धारित मानकों के भीतर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए सम्मानित शहरों और वार्डों को बधाई दी। समारोह में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए।

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश के इंदौर को दूसरा और जबलपुर को तीसरा स्थान मिला। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत शामिल 130 शहरों का वार्षिक आंकलन है।

न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि वायु प्रदूषण एक जटिल चुनौती है, क्योंकि यह राजनीतिक और प्रशासनिक सीमाओं का सम्मान नहीं करता। न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने ऋग्वेद के मधु सूक्त का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा में भी मानव जीवन और पर्यावरणीय शक्तियों के बीच सामंजस्य तथा वायु और जल की शुद्धता पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझकर उसके अनुरूप व्यवहार करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।

मंदिर से चोरी हुये छत्र को खरीदने का आरोपी गिरफ्तार, पांच छत्र बरामद

खेतड़ी, (निसं)। गोठड़ा थाना पुलिस ने मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी के चांदी के छत्र खरीदने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए पांचों चांदी के छत्र बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लोकेश पुत्र लखीप्रसाद, निवासी वार्ड नंबर 6, पुराना बाजार पलसाना, थाना रानोली, जिला सीकर के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार थानाधिकारी प्रेमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 25 मई को छाजुवाला धाम मंदिर, केशा की ढाणी, तन पुजारी की ढाणी में अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़ दिया और मंदिर से पांच चांदी के छत्र चोरी कर लिए थे। घटना के बाद गोठड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल बलराज, मुकेश कुमार और महिपत सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने चोरी के चांदी के छत्र खरीदने वाले लोकेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए पांचों चांदी के छत्र बरामद कर लिए। पुलिस अब चोरी के माल की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर भी जांच कर रही है।

जोधपुर के देचू में एक ही रात में छह घरों में लाखों की चोरी

- 22 तोला सोना, 182 तोला चांदी और 3.10 लाख रुपए ले गए चोर

जोधपुर, (कासं)। देचू के एक निजी स्कूल और आम चोहटा के पास देर रात चोरों ने 6 घरों को निशाना बनाया। चोर यहां से सोने-चांदी के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने देचू निवासी हनुमान राम गवारिया के घर से 22 तोला सोने के गहने, 182 तोला चांदी के गहने और 3 लाख 10 हजार रुपए चुराए। इसके अलावा, मोहनसिंह, हड़वंत सिंह, रानीदान सिंह, गुमानसिंह और सवाई सिंह के घरों से भी नकदी और गहने चोरी हुए हैं। इन घरों में चोरी हुए सामान को लेकर पुलिस जांच कर रही है। ये सभी पीड़ित देचू के आदर्श स्कूल के पीछे ढाणियों में रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय बाबा रामदेव का मेला चल रहा है। चोर इसी का फायदा उठा रहे हैं। देर रात बाबा रामदेवरा जाने वाले यात्री डीजे साउंड का इस्तेमाल करते हैं, जिससे घरों में हो रही चोरियों की आवाज सुनाई नहीं देतीं।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
ओ.एफ.डी. खण्ड प्रथम, सिं.क्षे.वि., इं.गा.न.प., बीकानेर
क्रमांकः-2012 दिनांकः 21/08/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2026-27
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से Modern Record Rooms construction at Colonisation Tehsils in Bikaner and Jaislmer Distrcit of Colonisation Department Bikaner की अनुमानित लागत 140.44 लाख है, के कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन / डाउनलोड की अवधि दिनांक 31.08.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 09.09.2026 को सायं 06.00 बजे तक होगी। प्राप्त तकनीकी निविदाएं इलैक्ट्रोनिक फोर्मेट में https://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 11. 09.2026 को प्रातः 12.00 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://cad.rajasthan.gov.in डी.आई.पी.आर की वेबसाईट www. dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN-CDB2627WSOB00085
(शिवराम मीणा)
अधिशाषी अभियन्ता,
ओएफडी खण्ड प्रथम, सिंक्षेवि,
इंगानप, बीकानेर
मोबाईल-9414853126
DIPR/C/15589/2026

नशामुक्ति का संकल्प लेकर युवाओं ने सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया

'यूथ के संग नशे के विरुद्ध संकल्प' कार्यक्रम में युवाओं ने समाज को नशामुक्त बनाने का प्रण लिया

नोहर में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने कैक काटकर मनाया।

- 'सचिन पायलट का संघर्षशील व्यक्तित्व, स्पष्ट नेतृत्व क्षमता और युवाओं से निरंतर जुड़ाव नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है'

नोहर। कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के 49वें जन्मदिन पर किसान छात्रावास, नोहर एवं जाट धर्मशाला, पल्लू में सुचित्रा आर्य समर्थक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए अनूठे अंदाज में मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'यूथ के संग नशे के विरुद्ध संकल्प' रहा।

इस अवसर पर युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने नशे से स्वयं दूर रहने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि नशा आज युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। युवाओं को नशे से बचाना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जागरूकता और सामूहिक प्रयासों को जनआंदोलन का रूप देना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सचिन पायलट युवाओं के रोल मॉडल और प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका संघर्षशील व्यक्तित्व, स्पष्ट नेतृत्व क्षमता और युवाओं से निरंतर जुड़ाव नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। ऐसे में उनके जन्मदिन को नशामुक्ति जैसे सामाजिक संकल्प के साथ मनाना युवाओं के बीच एक सकारात्मक और सार्थक संदेश देने की पहल है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट को पंजाब कांग्रेस प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भी शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि सचिन पायलट के प्रभावी नेतृत्व एवं शानदार संगठनात्मक क्षमता से पंजाब कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी तथा आगामी समय में पार्टी विजय की पताका फहराएगी। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केशुराम पूनिया, ओमप्रकाश कस्वां, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण महिया, मास्टर तरुण मेघवाल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल बुढ़ानिया, शीशपाल मील, यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष कालूराम खीचड़, हनुमान कुकना, भूपेंद्र सहारण, धर्मपाल बिस्सू, किसान छात्रावास अधीक्षक मोहन सुथार एवं सेवादल ध्वजवाहक विजय सैन सहित बड़ी संख्या में युवा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अलवर सेंट्रल जेल से उम्रकैद का बंदी फरार

अलवर, (निसं)। अलवर की सेंट्रल जेल से उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी फरार हो गया। वह जेल के खुले बंदी शिविर से गायब हो गया। रविवार सुबह नियमित हाजरी में गायब मिलने पर जेल प्रशासन ने कैदी के फरार होने की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बंदी गोपाल उर्फ रामगोपाल पुत्र किशनलाल निवासी नांगल रूपा, थाना खेडली, अलवर का रहने वाला है। अपर जिला व सेशन न्यायधीश कठूमर ने हत्या और आयुध अधिनियम के तहत उसे दोषी ठहराया था और 23 सितंबर 2022 को अदालत ने उसे उम्र कैद की सजा सुनाई थी। जेल प्रशासन के मुताबिक 6 सितंबर की सुबह खुले बंदी शिविर में सभी कैदियों की परेड और गिनती कराई गई, लेकिन गोपाल उर्फ रामगोपाल हाजरी में मौजूद नहीं था। इसके बाद उसके आवास गृह की जांच की गई, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। शिविर के आसपास तलाश करने के साथ उसके रिकॉर्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल पर इनकमिंग कॉल चालू नहीं होने के कारण उससे संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद केंद्रीय कारागृह अधीक्षक कार्यालय की ओर से प्रहरी सतीश चंद शर्मा के माध्यम से कोतवाली थाने में तहरीरी रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई बृजेन्द्र को सौंपी गई है। पुलिस अब फरार बंदी की तलाश में जुटी है।

कांग्रेस ने 15 बागी प्रत्याशियों को निष्कासित किया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर नगर निगम का चुनावी दौर में है। यहां के 19 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर है। इधर, बागी प्रत्याशियों को लेकर भी दोनों दल एक्टिव हो गए हैं। कांग्रेस ने जहां 15 बागी प्रत्याशियों समेत पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेकर उन्हें निष्कासित किया।

कांग्रेस के संगठन महामंत्री कुश गहलोत ने बताया कि दो दिन में 40 लोगों को सस्पेंड किया गया है। ताकि कार्यकर्ताओं में मैसेज जाए कि संगठन के नियमों के अनुसार ही काम करना है। वहीं भाजपा अपने प्रत्याशियों के सामने खड़े बागियों को मना रही है।

इधर, प्रशासन ने जिले की 6 नगर पालिकाओं में पहले चरण में होने वाले चुनावों को लेकर भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक सोमवार को जोधपुर पहुंचेंगे।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर
सा.नि.वि, परिसर, अशोका टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर
फोनः- 0144-2737038, E-mail:-sealw.pwd@rajasthan.gov.in
क्रमांक 1766 दिनांक 01.09.2026
Corrigendum Short Term NIT No 12/2026-27
Construction of Various Missing Link / Non-Patchable Roads under the Jurisdiction of PWD Divisions Alwar and Atal path at jurisdiction of PWD Div Kathumar, District Alwar Online bids are invited from eligible and interested bidders for the above-mentioned works. As per Corrigendum officer order date 01-09-2026, the bidding process will commence from 22.08.2026 at 02:00 PM up to 08.09.2026 at 06:00 PM. Detailed bidding documents and other particulars may be downloaded from the State Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in, and the PWD departmental website http://pwd.rajasthan.gov.in.
The approximate value of the procurements is 872.06 Lakhs.
UBN No: -
1. PWD2627WSOB11432
2. PWD2627WSOB11433
3. PWD2627WSOB11434
4. PWD2627WSOB11435
5. PWD2627WSOB11431
Superintending Engineer
PWD Circle Alwar
DIPR/C/15647/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड प्रथम, सीकर
क्रमांकः दिनांकः
संशोधित निविदा सूचना संख्या 12/2026-27
(RO No. 14906)
इस कार्यालय के क्रमांक 2658 दिनांक 11.08.2026 के द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या 12/2026-27 के क्रम संख्या 8 पर अंकित कार्य को अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधित किया जाता हैः-

विवरण	पूर्व दिनांक	संशोधित दिनांक
निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख	दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 25.08.2026 को सांय 6.00 बजे तक	दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 25.08.2026 को सांय 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख	दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 25.08.2026 को सांय 6.00 बजे तक	दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 9:30 बजे से दिनांक 25.08.2026 को सांय 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	27.08.2026 को दोपहर 1.00 बजे	10.09.2026 को दोपहर 1.00 बजे

नोटः- संवेदक द्वारा धरोहर राशि के रूप में डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैक / बैंक गारन्टी / ई-बैंक गारन्टी / इन्सुरेन्स श्योरिटी बॉण्ड के माध्यम से जमा करवाता है तो भौतिक रूप से दिनांक 10.09.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है।
NIB Code PWD2627A2233
UBN Code PWD2627WSOB09980
निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।
(प्रकाश चन्द्र)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि., खण्ड प्रथम, सीकर
DIPR/C/15508/2026